
## एक नजर में

### पुरातत्व संग्रहालय में मासिक श्रमदान



**बालाघाट।** इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट परिसर में दिनांक 9 नवम्बर 2025, दिन रविवार को प्रात:काल 9 बजे से डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष के नेतृत्व में मासिक स्वच्छता अभियान (श्रमदान) किया गया और पौधे रोपित किए गए। बिना फोटोग्राफ खिंचवायें परिश्रम कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। उक्त अवसर पर दिनेश कुमार नेमा, कमलेश हिंडोल, बलिनन्दर चौहान, राजकुमार आदि उपस्थित होकर स्वच्छता और कर्म कीजिए।

### जिले के120 युवक रोजगार के लिये अहमदाबाद आज होंगे रवाना

**बालाघाट।** जिले के दूरस्थ नक्सल प्रभावित एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार दिलाने के लिए बालाघाट जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों की कड़ी में आज 10 नवंबर को प्रात: 09.30 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय बालाघाट से 120 युवकों को सारन-अहमदाबाद के लिए रवाना किया जाएगा। इन युवाओं का टाटा मोटर्स कंपनी में जाब प्लेसमेंट कराया गया है।



### विधायक मुंजारे ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**नवभारत, बालाघाट।** विगत दिनों बे मौसम बारिश के कारण किसानों की लगी धान की फसल लगभग तैयार होने के पूर्ण संभावना बनी हुई थीं। इसी दौरान अचानक बे मौसम बारिश से पक्की हुई फसल बेमौसम बारिश कारण खराब हो गई साथ ही कुछ दिनों पहले ही किसान भाइयों जैसे तैसे कीट व्याधि के प्रकोप से ग्रसित से उभर भी नहीं पाया था और कीट प्रकोप व्याधि के भी काफी किसानों को नुकसान हुआ है जिससे किसान उभर भी भी पाया था प्राकृतिक बेमौसम बारिश ने किसानों के पक्की हुई फसल का बेहाल कर तबामचा दिया। आज किसान सेवक लाचार हो चुका है एवं कर्ज के बोझ में लगातार डूबता जा रहा है इन्हीं सभी चिंतन के आधार पर किसान भाइयों की जायज मांग को लेकर बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे भोपाल पहुंचकर माननीय प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री जी को मांग पत्र सौंपा और आज किसान अपनी पक्की हुई फसल को घर भी लेकर नहीं आया एक तरफ महू की प्रकोप तो दूसरी तरफ भी मौसम बारिश ने किसान की लगी धान की फसल को पूरी तरह चौपट करतब मचा दिया है मैं आपसे माध्यम से निवेदन करती हूं कि राजस्व विभाग के अम्ल एवं जिला कलेक्टर को तुरंत त्वरित निर्देशित करें कि जल्द सर्वे करा कर उचित एवं सम्मानजनक मुआवजा राशि वितरण किया जाए तथा लालबर्रा में राजस्व अनुविभाग कार्यालय स्थापित करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा मुझे पूर्ण आश्वस्त किया गया।

---

**हिदायत** — हेलमेट लगाकर ही चलाएं वाहन — थाना प्रभारी मदन इवने

# हेलमेट न पहनने वालों पर की गई कार्रवाई

**नवभारत, परसवाड़ा।** पुलिस विभाग के निर्देशानुसार एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में यातायात जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत परसवाड़ा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर सख्त चालानी कार्रवाई करते हुए उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी।

रविवार को कुमनगांव के समीप थाना प्रभारी मदन इवने के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोपहिया वाहनों की जांच दो स्विफ्ट मे की । इस दौरान कई वाहन चालकों को बिना हेलमेट वाहन चलाते पाए जाने पर चालान काटा गया। पुलिस ने



चालकों को समझाइश देते हुए कहा कि हेलमेट जीवन रक्षक कवच है, इसे पहनना न केवल कानूनी दायित्व है बल्कि स्वयं की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

थाना प्रभारी श्री इवने ने बताया कि बिना हेलमेट वाहन चलाने से दुर्घटना की स्थिति में सिर पर गंभीर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि हेलमेट आपकी सुरक्षा का साथी है, इसलिए दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट लगाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

उन्होंने यह भी कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है और ऐसे चालकों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी वाहन चालकों से अनुरोध किया गया कि अपने वाहन के आवश्यक दस्तावेज साथ रखें और यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित यात्रा करें।

इस अभियान में सहायक उपनिरीक्षक धरमचंद बघेले, सहायक उप निरीक्षक रतन कुंजाम,

प्रधान आरक्षक विनोद उयके, आरक्षक मोनू बेनदे, प्रवीण जाट, राहूल सिंह सहित पुलिस स्टाफ शामिल रहा।

# हैप्पीनेस शिविर का हुआ समापन

**नवभारत, बालाघाट।** गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी द्वारा स्थापित आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के बालाघाट केंद्र द्वारा 27 से 30 नवंबर तक पीजी कॉलेज के बैडमिंटन हॉल में चार दिवसीय यूथ स्पेशल हैप्पीनेस प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर कॉलेज प्रबंधन तथा डॉ. योगेश विजयवार के मार्गदर्शन में एडऑँन स्ट्रेस मैनेजमेंट प्रबंधन के तहत प्रतिदिन सुबह 06:30 से 09:30 बजे तक संचालित हुआ।

शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग में तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास, मानसिक संतुलन, सजगता और नेतृत्व क्षमता का विकास करना था।

कार्यक्रम के प्रशिक्षक सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के अनुसार— हिंसा रहित समाज, रोगमुक्त शरीर, भ्रम रहित मन, शंका रहित बुद्धि और प्रसन्न आत्मा — हर



व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है।

इसी सोच के अनुरूप यश प्लस कोर्स में युवाओं को जीवनोपयोगी व्यवहारिक कौशल सिखाए गए, जिनमें शामिल हैं एकाग्रता और स्मरण शक्ति में वृद्धि आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता का विकास,संबंधों में मधुरता,नेतृत्व कौशल,तनाव में कमी,सजगता और मानसिक स्पष्टता,अध्ययन एवं कार्यक्षमता में सुधार होता है ।

आर्ट ऑफ लिविंग के अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक आशीष पटेल ने बताया कि शिविर में सिखाई जाने वाली प्राणायाम, ध्यान, योग और विश्वविख्यात सुदर्शन क्रिया से—तनाव, भय और अवसाद में कमी मन में शांति और शरीर में ऊर्जा,भावनात्मक संतुलन और सकारात्मक सोच,श्वसन तंत्र व रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि,एकाग्रता व स्मरण शक्ति में सुधार,चुनौतियों का सामना करने की क्षमता प्रतिभागियों में विकसित होती है ऐसे अनेक महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त होते हैं।



### राहुल गाँधी से मिले विधायक संजय उइके

**बालाघाट।** पचमढ़ी में कल कॉंग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोक सभा में विपक्ष के नेता जननायक राहुल गाँधी जी के साथ संघठन श्रजन के अंतर्गत जिला अध्यक्षों के ट्रेनिंग कैंप मे जिला कॉंग्रेस कमेटी बालाघाट अध्यक्ष एवं विधायक संजय उइके ने सौजन्य भेंट कर अनेक विषयो पर चर्चा किया और जिले मे संगठन द्वारा चलाये जा रही गतिविधियों की जानकारी दिया।

# शिक्षक शराब के नशे में स्कूल पहुंचा, बच्चों के भविष्य पर सवाल

**क्या कलेक्टर साहब आप् इस शराबी शिक्षक पर करेंगे कार्यवाही**

**किरनापुर, नवभारत।** आज के दौर में शिक्षकों को जहां भगवान का दर्जा दिया जाता है, समाज में उनका आदर-सम्मान किया जाता है, वहीं से बालाघाट जिले किरनापुर शिक्षा केंद्र से आई एक तस्वीर इन तथ्यों पर बड़े सवाल खड़े कर रही है. यहां के सरकारी प्राथमिक स्कूल, से एक वीडियो वायरल हो रहा है. इसमें एक शिक्षक नशे में धूत होकर आपत्तिजनक स्थिती स्कूल में बैठे हुए नजर आ रहा हैं. यही नहीं, शिक्षक के हौसले इतने बुलंद है कि उसे किसी का खौफ नहीं है. चलिए आपको भी रूबरू करते शराबी शिक्षक के इस कारनामे से।





शराबी शिक्षकों का मामला आए दिन सामने आता रहता है. इसी का एक ताजा मामला बालाघाट जिले से सामने आया है। सरकारी स्कूलों में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ की किरनापुर शिक्षा केंद्र कुंडे प्राइमारी स्कूल में साफ देखी जा सकती है। लगभग 30 40 बच्चों वाला यह स्कूल भवन है असुरक्षित बरामदे और शराब के नशे में धुत शिक्षक के सहारे चल रहा है। एक टीचर शराब के नशे टल्ली होकर आये दिन स्कूल पहुंचते है ,जहाँ शराब के नशे मे होने कारण बच्चों को नही पढ़ाया जाता है ,जिसे बच्चों का भविष्य खतरे मे बना हुआ है वही ऐसे मामलों से यह स्पष्ट होता है कि शिक्षक का व्यवहार केवल व्यक्तिगत मामला नहीं है, बल्कि यह पूरे शिक्षा तंत्र और बच्चों के भविष्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। वही अब कुंडे प्राइमरी स्कूल में एक टीचर खिलेन्द्र मानेश्वर शराबी जो स्कूल के बरामदे मे कुर्सी पर आपत्तिजनक स्थिति मे वीडियो मे साफ तौर से दिखाई दे रहे है ।बच्चों ने कहा: की यह कोई पहली बार नही है की शिक्षक तो आये दिन नशे मे धुत होकर आते है। सबसे बड़ी चौकाने वाली बात यह है की बच्चों को तो पता भी नही है की वह उन बच्चों को कब पढ़ाये थे। आखिर आप सोच हि सकतें है की टीचर किस स्थिति मे आते होंगे वही बच्चों को क्या शिक्षा देते होंगे ऐसे हि परीक्षा नजदीक आ रहा है। सरकारी स्कूल के बच्चे आखिर कैसे शिक्षित होंगे जहाँ इस तरह के शराबी टीचर होते हों।

### सवालों के घेरे मे जनपद शिक्षा केंद्र के निरीक्षण अधिकारी

सबसे बड़ा सवालों के घेरे मे जनपद शिक्षा केंद्र निरीक्षण अधिकारी जहाँ आये दिन अपनी रिपोर्ट मे निरीक्षण अधिकारी साफ तौर पर दिखा रहे है की बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल रहे है।सूत्र बताते है की दुर्भाग्य से, कई बार अधिकारी को शिकायत के बाद भी शिक्षक के साथ उच्च अधिकारी साट घाट कर स्थानीय प्रशासन सुस्ती या लालच की वजह से कार्रवाई में नही करते है। जबकि ग्रामीणों ने कहा: की यह शिक्षा और बच्चों की सुरक्षा दोनों के लिए गंभीर मामला है जिसे जाँच कर कड़ी कार्यवाही की जावे समाचार दिखाने के बाद अब देखना होगा की शराबी शिक्षक पर क्या कार्यवाही होगी है या नही।

### कड़ी कार्रवाई की मांग

क्या नशे में डूबा शिक्षक बच्चों का भविष्य बना सकता है? क्या विभाग केवल जांच के नाम पर जिम्मेदारी टाल देगा? किरनापुर शिक्षा केंद्र कुंडे प्राइमारी स्कूल आज प्रदेश के लिए एक आईना है- जो शिक्षा तंत्र की हकीकत और बच्चों के भविष्य पर मंडराते खतरे को साफ दिखा रहा है। वही प्रशासन को चाहिए इसे शिक्षकों पर सख्त कार्यवाई हो, ताकि भविष्य में इसी घटना ना हो।

# रामपायली, बनेरा और जराहामोहगांव में कार्तिक पूर्णिमा पर विधायक पारधी की सहभागिता

नवभारत कटंगी। कार्तिक पूर्णिमा का पर्व पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों — रामपायली, बनेरा और जराहामोहगांव में धार्मिक मेलों, भजन संध्याओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें स्थानीय नागरिकों के साथ विधायक गौरव सिंह पारधी ने भी सक्रिय रूप से सहभागिता की। विधायक ने तीनों स्थानों पर पहुंचकर पूजा-अर्चना की, सांस्कृतिक आयोजनों में शामिल हुए और श्रद्धालुओं से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व हमारी परंपराओं को जीवंत रखते हैं तथा समाज में एकता, समरसता और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं। विधायक के आगमन पर ग्रामीणों ने उनका पुष्पमालाओं से स्वागत किया और उनके साथ पारंपरिक आयोजनों में भाग लिया।



### रामपायली में दर्शन-पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता

प्रसिद्ध तीर्थ स्थल रामपायली में विधायक गौरव सिंह पारधी ने प्रभु श्री राम बालाजी के दर्शन-पूजन किए और मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह मेला बहुत प्राचीन है और इससे मेरी गहरी भावनाएं जुड़ी हैं। प्रारंभिक दौर में मेरे दादाजी स्वर्गीय खड़क सिंह पारधी इस मेले के अध्यक्ष रहे हैं, और आज भी इस परंपरा का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। उन्होंने प्रभु श्री राम से प्रार्थना की कि मेले में आए सभी श्रद्धालुओं पर कृपा बनी रहे और यह मेला दिन-गुनी, रात-चौगुनी प्रगति करे। इस अवसर पर वरूण देशमुख, सुरेश ठाकुर, शेखर ठाकुर, रुपलाल भैरम, टेकचंद परिहार, डालीराम ठाकुर और आयोजन समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### जराहामोहगांव में कवि सम्मेलन में शामिल हुए विधायक

ग्राम जराहामोहगांव में श्री राधा कृष्ण मंदिर मेला समिति के तत्वावधान में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें विधायक गौरव सिंह पारधी ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। उन्होंने कवियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस तरह के आयोजन हमारी सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखते हैं और समाज को रचनात्मक दिशा देते हैं। कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रतिनिधि शारदा डहरवाल, सरपंच योगेश डोंगरे, उत्तम मानेश्वर, दौलत शिगनधुपे, सतीष डहरवाल, पवन डहरवाल, छबीकुमार मरठे, नंदकिशोर मरठे, नरेंद्र डहरवाल, मुन्ना मिश्रा, अमित बर्वे, तुलसीदास मातरे और समस्त आयोजन समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बनेरा में भजन संध्या और धार्मिक कार्यक्रम में भावपूर्ण सहभागिता

ग्राम बनेरा में कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित मेले और भजन संध्या में विधायक गौरव सिंह पारधी ने पहुंचकर श्री राम मंदिर में पूजा-अर्चना की और भजन मंडली के साथ कीर्तन में भावपूर्ण सहभागिता की। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन हमारी परंपरा का जीवन्त स्वरूप हैं। यह न केवल आस्था का प्रतीक हैं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे को भी प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम में वरूण देशमुख, कुलदीप पटले, रमेश पटले, अशोक मेश्राम, दिनेश मेश्राम, देवाराम रहांगडाले, इंद्रकुमार बिसेन, रामनाथ कावरे, पवन सोनवाने, संतोष कारसरपे, दिलीप बिसेन, उमाशंकर पटले सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



# सांसद खेल महोत्सव की चयन प्रतियोगिता

**नवभारत, परसवाड़ा।** परसवाड़ा के छात्रावास खेल मैदान में सांसद खेल महोत्सव के चयन प्रतियोगिता आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष समलसिंह धुर्वे और विशेष अतिथि योगेश शरणागत, तथा पीतम बोपचे, अशोक कटरे, निरखराम अमूले मनोज साहू , नायब तहसीलदार कृष्णा नायक उपस्थित रहे, जबकि सांसद खेल महोत्सव के विधानसभा प्रभारी रामेश्वर कटरे की अध्यक्षता एवं विधानसभा सहप्रभारी तपन राजा चौधरी की उपस्थिति में कार्यक्रम का संचालन हुआ । बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, व्यापारी, खेल प्रेमी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। सुरक्षा की दृष्टि से नगर निरीक्षक मदन इवने हमराह टीम के साथ मौजूद रहे। आयोजन के दौरान माता सरस्वती की पूजा और दीप प्रज्वलित कर किया गया ।जिसके पश्चात उपस्थित अतिथियों का बारी बारी से स्वागत किया गया। सांसद खेल महोत्सव के चयन प्रतियोगिता में फुटबॉल, वॉलीवाल, हाकी, कबड्डी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, शतरंज, कुश्ती, कराटे, रस्साकस्सी आदि खेल विधाओं पर प्रतियोगिता सम्पन्न कराया गया । चयन प्रतियोगिता कार्यक्रम देर शाम चलता रहा ।

# श्रीराम वन गमन पथ की सूची में आने से रामपायली में दिखेगी नयी चमक : प्रदीप

**नवभारत, वारासिवनी।** कार्तिक पूर्णिमा श्रीराम बालाजी क्षेत्र मेले में जनपद पंचायत की अधिकारियों की टीम,मेला समिति की उपस्थिति में दुय्यम डंडार में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने मध्यप्रदेश के दूसरे सबसे बड़े मेले की महत्ता को रेखांकित किया। साथ ही पुरी टीम के साथ प्रसिद्ध मेले का भ्रमण कर व्यवसायीयो, भक्तो आदि से मुलाकात कर मेले की सुविधाओ के विषय मे चर्चा की।

मेले मे मेंढकी व कोचेवाही की दुयम डंढार मे उपस्थित अपार समुदाय को संबोधित करते हुये प्रदीप जायसवाल ने सबसे पहले इस प्रसिद्ध क्षेत्र का नाम श्रीराम वन पथ गमन सूची में शामिल होने की सभी को बधाई प्रेषित की। साथ ही संबोधन मे कहा की पूर्व में ही हमने इस क्षेत्र के विकास से लेकर विधानसभा के पटल पर प्रश्नों की झड़ी जैसे प्रयासों किये थे। जिसके प्रतिफल हमे अब मिलने लगे है। अब रामपायली क्षेत्र मे विकास कार्यो की बाढ सी आ गयी है। जिससे इस क्षेत्र मे एक नयी चमक देखी



जा रही है। उन्होने यह भी कहा की हमने पूर्व में संस्क्रति विभाग मप्र से प्रसिद्ध गायिका अनुराधा पौडवाल के आगमन से लेकर मन्दिर प्रवेश द्वार,नागथाना रोड, बिठली पुल निर्माण कराकर एक बड़े लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में तेज व मजबूत कदम बढा दिये है। अब हमारा रामपायली राष्टीय पटल पर भी देखा जाने लगा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये जप अध्यक्ष श्रीमती माया उइके ने कहा की पहले इस मेले को ग्रामीण जन फिर ग्राम पंचायत भराया करती थी। किंतू अब जनपद पंचायत के माध्यम से मेला भरने के कारण इसम निखार आ गया है। प्रसिद्ध कलाकारो के सांस्क्रतिक कार्यक्रमो मे अपार उपस्थिती दर्शा रही है की यह कार्यक्रम सभी को पंसद भी आ रहे है। कार्यक्रम को भाजपा नेता सोनू जैन ने भी संबोधित करते हुये मेले की सराहना करते हुये श्रीराम वन पथ गमन मे इस क्षेत्र के शामिल होने की बधाई प्रेषित की।

कार्यक्रम मे विशेष रूप से पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, जप अध्यक्ष श्रीमती माया उइके, भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले, सोनू जैन, मुख्य अधिकारी दिक्षा जैन, जसंवत पटले, रतन ठाकरे, अनिश मिश्रा, संतोष आडे, सचिन बिसेन, मुन्नु दुबे, मंजय सोनेकर, सरपंच संदीप बाघमारे, जनपद पंचायत की टीम,भाजपा के वरिष्ठ नेतागण,निकट की पंचायतों के सरपंचगण आदि उपस्थित भी रहे।

**बैठक** — द्वितीय चरण, 100 ग्रामों के विकास कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र तैयार करे

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 100 ग्रामों के विकास कार्यों पर चर्चा

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के प्रथम चरण में चयनित 100 ग्रामों के विकास कार्यों को लेकर पुलिस महानिरीक्षक श्री संजय कुमार की अध्यक्षता में 09 नवंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई और प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक में दूसरे चरण के 100 ग्रामों के लिए भी शीघ्रता से डेवलपमेंट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आदर्श कांत शुक्ला, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री डी पी बर्मन और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक श्री संजय कुमार ने अधिकारियों से कहा कि जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के प्रथम चरण में चयनित 100 ग्रामों के विकास कार्यों के प्रस्तावों को अंतिम रूप



देकर शीघ्र प्रस्तुत किया जाये। जिससे इन प्रस्तांवों को मंजूरी के लिए केन्द्र सरकार को समय सीमा में भेजा जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सड़कों के सुधार, चौड़ीकरण एवं उन्नयन, पुल-पुलियों का निर्माण, स्कू?ल, कृषि व उद्यानिकी के विस्तार, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, आंगनवाड़ी केन्द्र व उचित मूल्य दुकानों के भवन, बिजली की सुविधा, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, पानी में फ्लोराईड एवं आयरन की समस्या वाले ग्रामों में ट्रीटमेंट प्लांट का प्रस्ताव दिया जाये। इसके साथ ही नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों के भीतर की मुख्य गलियों की सड़कों का निर्माण भी इनमें शामिल किया जाये। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों में सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वापस्य्त एवं संचार सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान देकर प्राथमिकता से कार्य करना है।

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों के विकास के लिए प्रस्ताव तैयार करते समय इस बात का ध्यान रखा जाये कि जो कार्य विभागीय मद से कराये जा सकते हैं उन्हें इनमें शामिल ना किया जाये। इन प्रस्तावों में ऐसे कार्य शामिल किये जायें, जो विभागीय मद एवं योजनाओं से नहीं कराये जा सकते हैं। उन्होंने प्रथम चरण के 100 ग्रामों के बाद अगले चरण 100 अन्य ग्रामों के विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।

बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नक्सल प्रभावित ग्रामों में बिजली की सुविधाओं के विस्तार एवं वोल्टेंज की समस्या के निराकरण के लिए 13 करोड़ रुपये के प्रस्ताव तैयार किये गये है। सिंचाई विभाग द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के किसानों की सिंचाई सुविधा के लिए स्टापडेम निर्माण के प्रस्ताव तैयार किये गये है। पशु पालन विभाग द्वारा पशु शेड निर्माण के प्रस्ताव तैयार किये गये है। मतस्यक उद्योग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्य्भिा संपदा योजना के अंतगर्त तालाब निर्माण एवं बायो फ्लाक के प्रस्ताव तैयार किये गये हैं। उद्यानिकी विभाग द्वारा नक्स्ल क्षेत्र के ग्रामों के लिए सब्जी व मसाला उत्पादन के लिए ड्रिप सिंचाई व स्प्रिंकलर सेट के प्रस्ताव तैयार किये गये हैं।